तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड, जेयस केयर फाउंडेशन ने फील्ड ऑफ ड्रीम्स एक्सेसिबल बेसबॉल डायमंड के शानदार उद्घाटन की मेजबानी की

***ब्रैम्पटन का पहला पूरी तरह से सुलभ बेसबॉल डायमंड, कम्युनिटी के प्रयोग के लिए तैयार है।***




ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (29 अप्रैल, 2022) – आज कम्युनिटी, पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन दे फील्ड ऑफ ड्रीम्स एक्सेसिबल बेसबॉल डायमंड (Field Of Dreams Accessible Baseball Diamond) के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड (पी.डी.एस.बी.) (Peel District School Board) (PDSB) और जेयस केयर फाउंडेशन (Jays Care Foundation) के शानदार उद्घाटन कार्यक्रम के लिए एकत्र हुई। यह फील्ड दिसम्बर 2021 में पूरा हो गया था, जो अब कम्युनिटी के प्रयोग के लिए तैयार है।

ब्रैम्पटन, उन 12 म्युनिसिपल्टीज में से एक था, जिन्हें 2020 में कैनेडा में जेयस केयर फाउंडेशन फील्ड ऑफ ड्रीम्स (Jays Care Foundation Field Of Dreams) ग्रांट मिली थी। ग्रांट, बच्चों और युवाओं के लिए बेसबॉल खेलने, स्वस्थ और सक्रिय रहने तथा जीवन कौशल विकसित करने के लिए, सुलभ स्थानों के डिजाइन, पुनर्निमाण तथा उन्हें बनाने के लिए फंडिंग प्रदान करती है। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने इस प्रोजेक्ट के लिए एक-तिहाई फंडिंग प्रदान की है, पी.डी.एस.बी. (PDSB) ने एक और तीसरे हिस्से की फंडिंग और जेयस केयर फाउंडेशन ग्रांट ने लागत का बाकी तीसरा हिस्सा प्रदान किया है।

ब्रैम्पटन में इस तरह का पहला, फील्ड ऑफ ड्रीम्स, जुडिथ नइमन सेकंडरी स्कूल (Judith Nyman Secondary School) और विलियम्स पार्कवे सीनियर पब्लिक स्कूल (Williams Parkway Senior Public School) के बीच में, हरी-भरी जगह में शानदार वृद्धि है। 1305 विलियम्स पार्कवे (1305 Williams Pkwy.) में स्थित, बेसबॉल डायमंड, चिंगकूज़ी सैकंडरी स्कूल (Chinguacousy Secondary School) के विद्यार्थियों के प्रयोग के लिए काफी नजदीक है और यहां से हाईवे 410 (Highway 410) तक आसान पहुंच है, जिस कारण यह साइट ब्रैम्पटन के सभी निवासियों के लिए सुविधाजनक है। यह प्रोजेक्ट, जो कि पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के बीच में, पब्लिक साझेदारी की एक और शानदार मिसाल है, ब्रैम्पटन के विद्यार्थियों और निवासियों, दोनों के लिए रेक्रिएशनल सुविधाओं तक पहुंचने में वृद्धि करता है और उम्मीद की जाती है कि, पील बोर्ड (Peel Board) और चैलेंजर बेसबॉल (Challenger Baseball) और स्पेशल ओलंपिक्स (Special Olympics) जैसे कम्युनिटी ऑर्गेनाइज़ेशन्स के द्वारा इसका प्रयोग किया जाए।

नया फील्ड ऑफ ड्रीम्स, स्थिर सुलभता और कार्य संबंधी विशेषताओं में वृद्धि करता है, जैसे: बनावटी टर्फ इनफील्ड; संशोधित बेस पाथ्स (60'); छोटा आउटफील्ड; बिना ग्रेड बदलाव वाला संशोधित पिचर्स माउंड; सुलभ प्लेयर्स बेंच एरिया; और फील्ड तक जाने हेतु ठोस पहुंच वाले रास्ते। आउटफील्ड, कुदरती घास का बना हुआ है और वार्निंग ट्रैक, ठोस बजरी का बना हुआ है।

फील्ड ऑफ ड्रीम्स का प्रयोग करने वाले लोगों के लिए, टेली मिलर रेक्रिएशन सेंटर (Terry Miller Recreation Centre) के पार्किंग लॉट में, एक सुलभ रैम्प और पार्किंग जगहें बनाई गई हैं। बेसबॉल डायमंड की अन्य विशेषताओं में शामिल हैं: होम प्लेट के पीछे प्रशंसकों के लिए सीढ़ियों वाली सीटें; अलग-अलग यूजर समूहों के लिए चार पिचर माउंड्स; और, होम प्लेट से केवल 225 फुट दूर तक आउटफील्ड चारदीवारी।

फील्ड ऑफ ड्रीम्स बेसबॉल डायमंड की बुकिंग करने के लिए, निवासी, स्पोर्ट्स ग्रुप और कम्युनिटी ऑर्गेनाइज़ेशन्स, जिन्हें बाधा-मुक्त फैसिलिटीज की जरूरत हो, 905-874-BOOK (2665) पर या facilityrentals@brampton.ca पर ईमेल करके, सिटी की स्पोर्ट्स फील्ड रेंटल्स यूनिट को संपर्क कर सकते हैं।

**पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के बारे में**

पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड (पी.डी.एस.बी.), जातीय, सांस्कृतिक और भाषायी तौर पर एक विविध बोर्ड है, जो ब्रैम्पटन, कैलडन (Caledon) और मिसीसागा (Mississauga) के 259 स्कूलों में, 155,000 से अधिक विद्यार्थियों को सेवा प्रदान करता है।

पी.डी.एस.बी. (PDSB), कैनेडा में दूसरा सबसे बड़ा स्कूल बोर्ड होने के साथ-साथ, पील रीजन (Peel Region) में सबसे बड़ा इम्पलॉयर भी है। www.peelschools.org पर अधिक जानकारी पाएं।

**जेयस केयर फाउंडेशन के बारे में**

जेयस केयर फाउंडेशन, टोरोंटो ब्लू जेयस (Toronto Blue Jays) का चेरिटेबल संगठन है, जो कैनेडा में 35,000 से अधिक बच्चों और युवाओं को जीवन कौशल सिखाने और स्थायी सामाजिक बदलाव पैदा करने के लिए, टूल के तौर पर बेसबॉल का प्रयोग करता है। जेयस केयर कम्युनिटी प्रोग्राम चलाने वाले, दस प्रांतों और दो इलाकों में गर्व के साथ काम कर रहा है, ताकि रुकावटों का सामना कर रहे कैनेडियन बच्चों के लिए खेल के मैदान पर बराबर अवसर पैदा किए जा सकें। इस संगठन ने 100 से अधिक डायमंड्स और रेक्रिएशन जगहें बनाने या उनके पुनर्निमाण में सहायता के लिए, फील्ड ऑफ ड्रीम्स के द्वारा 10 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश भी किया है। 2020 में, जेयस केयर को ब्लू जेयस कम्युनिटी कमिटमेंट (Blue Jays Community Commitment), 7.5 मिलियन कोविड -19 (COVID-19) के रिस्पांस प्लान को सम्मानित करने वाला, एम.एल.बी. (MLB) के एलन एच. सेलिग अवॉर्ड फॉर फिलैंथ्रोपिक एक्सिलेंस (Allan H. Selig Award for Philanthropic Excellence) भी दिया गया था। इस प्लान ने कैनेडा में महामारी से बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुए लोगों की सहायता की थी।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन के निवासियो, तैयार हो जाएं! हमें यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि फील्ड ऑफ ड्रीम्स एक्सेसिबल बेसबॉल डायमंड, अधिकारिक तौर पर बुकिंग के लिए खुला है। पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और जेयस केयर फाउंडेशन में हमारे साझेदारों का धन्यवाद, जिन्होंने ब्रैम्पटन के पहले पूरी तरह से सुलभ बेसबॉल डायमंड को असलियत में बदलने में मदद की है।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन एक स्वस्थ और सुरक्षित शहर है और हम, सभी के लिए आनंद लेने, सक्रिय रहने और खेलने के लिए नई जगहें और अवसर प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। फील्ड ऑफ ड्रीम्स, पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और जेयस केयर फाउंडेशन के साथ साझेदारी में, हमारी कम्युनिटी में एक शानदार वृद्धि है।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और जेयस केयर फाउंडेशन को फील्ड ऑफ ड्रीम्स पेश करने पर गर्व है। यह सभी के खेलने के लिए एक भागीदारी वाली जगह है। हर योग्यता वाले बच्चे और युवा, निवासी, स्पोर्ट्स ग्रुप, कम्युनिटी संगठन और ऐसा हर व्यक्ति, ब्रैम्पटन रेक्रिएशन को संपर्क करके जगह बुक कर सकता है, जो बेसबॉल डायमंड पर कुछ समय चाहता है।"

- *शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8; वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, हमारी कम्युनिटी में निवेश लाने के लिए प्रतिबद्ध है। फील्ड ऑफ ड्रीम्स, हमारी कम्युनिटी के स्वास्थ्य और तंदरुस्ती में एक महत्वपूर्ण निवेश है और हम पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और जेयस केयर फाउंडेशन में हमारे साझेदारों का धन्यवाद करते हैं।”

- *पॉल मोरिसन (Paul Morrison), इंटरिम चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन फील्ड ऑफ ड्रीम्स, भागीदारी वाले माहौल बनाने पर पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के जारी फोकस में एक महत्वपूर्ण निवेश है, जो स्वास्थ्य और तंदरुस्ती में वृद्धि करता है। हम, हमारे साझेदारों, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और जेयस केयर फाउंडेशन की सहायता के बिना यहां तक नहीं पहुंच सकते थे। यह शानदार चीजों का सच्चा प्रमाण है, जो तब ही हासिल की जा सकती हैं, जब हम कम्युनिटी बनाने में इकट्ठे मिलकर काम करते हैं।"

- *रश्मि स्वरूप (Rashmi Swarup), डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन, पी.डी.एस.बी.*

“जेयस केयर फाउंडेशन को जुडिथ नइमन फील्ड ऑफ ड्रीम्स को असलियत में बदलने हेतु शानदार साझेदारों के साथ काम करने पर गर्व है – यह एक पूरी तरह से सुलभ बेसबॉल डायमंड है और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में इस तरह का पहला है। हम, चैंलेजर बेसबॉल में हर योग्यताओं वाले बच्चों के लिए एक भागीदारी वाली और सुरक्षित जगह पेश करने के लिए उत्साहित हैं, ताकि वे इकट्ठे हो सकें, सक्रिय रहें और अपनी कम्युनिटी के अन्य मेम्बर्स के साथ आनंद ले सकें। हम, इस प्रोजेक्ट को असलियत में बदलने में उनकी मदद के लिए, पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड और हमारे शानदार डोनर्स, दोनों का धन्यवाद करते हैं।”

- *रॉबर्ट विचेल (Robert Witchel), एग्जीक्युटिव डायरेक्टर, जेयस केयर फाउंडेशन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca

मैलन एडवर्ड्स (Malon Edwards)
मैनेजर ऑफ कम्युनिकेशन्स, पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड
malon.edwards@peelsb.com | (905) 301-6382

BRAMPTON

Media Release

जॉय क्विंटैनिला (Joey Quintanilha)
स्पैशलिस्ट, मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशन्स, जेयस केयर फाउंडेशन
Joey.Quintanilha@bluejays.com